भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2886
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार, 18 दिसम्बर, 2014 को दिया जाना है

स्कूटर इंडिया, लखनऊ के पुनरुद्धार के लिए योजना

2886. श्री दिग्विजय सिंह:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्कूटर इंडिया लिमिटेड, लखनऊ के पुनरुद्धार के लिए क्या कार्रवाई की गई है; सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) स्कूटर इंडिया लिमिटेड द्वारा अब तक मद-वार (पूंजीगत निधि और कार्यशील पूंजी दोनों) व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार द्वारा पुनरुद्धार पैकेज दिए जाने के बाद कंपनी के कार्य-निष्पादन में सुधार हुआ है और 2013-14 और 2014-15 के दौरान कंपनी के कार्य निष्पादन का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क): स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड (बीआईएफआर) को संदर्भित एक रूग्ण कंपनी है। कंपनी के पुनरुद्धार के लिए सरकार द्वारा, अन्य बातों के साथ-साथ, ₹201.96 करोड़ की निधि/गैर निधि आधारित सहायता अनुमोदित की गई थी।

कार्यशील पूंजी के लिए ब्याज मुक्त योजना ऋण के रूप में ₹20 करोड़ और ₹31.90 करोड़ (पूंजीव्यय के लिए इक्विटी के रूप में निवेश करने के लिए सरकार द्वारा अनुमोदित ₹70.38 करोड़) जारी करने की मंजूरी दे दी गई है। ₹85.21 करोड़ के योजना/गैर-योजना ऋण को इक्विटी में परिवर्तित करने और ₹26.37 करोड़ का ब्याज माफ करने की मंजूरी भी दे दी गई है।

(ख): स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड ने अब तक ₹20 करोड़ के योजना ऋण का उपयोग कार्यशील पूंजी के लिए और ₹4.02 करोड़ के इक्विटी निवेश का उपयोग पूंजी व्यय के लिए किया है।

(ग): जी, हां। कंपनी ने वर्ष 2013-14 में ₹13.60 करोड़ का लाभ और वर्ष 2014-15 में (30.09.2014 तक) ₹2.09 करोड़ का लाभ दर्ज किया है।

******